Published Date:	August 26th, 2023	Publication:	Aaj
Edition:	Supaul	Page No:	04
Headline: L&T Finance Holdings Ltd announces Digital Sakhi project in Supaul			

एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स लिमिटेड ने सुपौल में डिजिटल सखी परियोजना की घोषणा की

सुपौल। लीडिंग नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स लिमिटेड ने बिहार के सुपौल शहर में अपनी डिजिटल सखी परियोजना शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी की प्रमुख सीएसआर परियोजना 'डिजिटल सखी' ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित और उन्हें सफलता पाने में मदद करती है, जो बदले में अपनी कम्युनिटी में महिला उद्यमिता और डिजिटल वित्तीय साक्षरता (डिजिटल फाइनेंशियल लिटरेसी) को बढ़ावा देती हैं। सुपौल में परियोजना का शुभारंभ महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और केरल राज्यों में लागू डिजिटल सखी परियोजनाओं की सफलता के बाद किया गया है। डिजिटल सखी परियोजना सुपौल में 100 डिजिटल सखियों का एक समर्पित कैडर बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो महिलाओं पर विशेष जोर देने के साथ समुदाय को मॉड्यूल-बेस्ड प्रशिक्षण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ये डिजिटल सखियां परिवर्तन के एजेंट के रूप में काम करेंगी, किसी इंडिविजुअल को डिजिटल दुनिया और वित्तीय सेवाओं की जटिलताओं को समझने के लिए आवश्यक कौशल और जानकारी मुहैया कराएंगी।

एलटीएफएच के मैनेजिंग डायरेक्‍टर और सीईओ, दीनानाथ दुभाशी ने कहा की हमारे कई रिटेल बिजनेस सीधे ग्रामीण समुदायों के साथ जुड़ते हैं, जिससे हमें ग्राहकों की जरूरतों के बारे में एक व्यापक जानकारी मिलती है। जिसमें कम्युनिटी के अंदर मौजूद किसी तरह का अंतर भी शामिल है।